हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 सितम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 सेवा पखवाड़ा के जरिये समाज को और जोड़ना होगा : ज्योति नंद



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वत लेते पटवारी और अनुरेखक को किया गिरफ्तार

## जमीन बंटवारा के लिए पटवारी ने मांगे 13 हजार, अनुरेखक 65 सौ लेते पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर/सूरजपुर



बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने बलरामपुर और सूरजपुर जिले में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम ने जमीन बंटवारा के एवज में रिश्वत मांगते हुए पटवारी और भू-अभिलेख शाखा के अनुरेखक को पकड़ा है। वाड्रफनगर में एसीबी ने पटवारी को 13 हजार की रिश्वत को भू-अभिलेख शाखा में अनुरेखक को 65 सौ रुपए के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि रघुनाथनगर के ग्राम पंडरी निवासी प्रियांशु दुबे के पिता विजय कुमार दुबे व बड़े पिटा पारसनाथ दुबे के नाम पर गांव में 24 एकड़ पैतृक कृषि भूमि है। उक्त भूमि का दोनों भाई आपसी सहमती से बंटवारा कर अलग अलग ऋण पुस्तिका बनवाना चाहते थे। भूमि के आपसी सहमती से खसरा एवं नक्शा बंटवारा कर अभिषेक दुरुस्त कर ऋण पुस्तिका प्रदान करने के लिए प्रियांशु दुबे ने पंडरी के पटवारी मोहन राम से मुलाकात की थी। इस दौरान पटवारी मोहन राम ने बंटवारा के एवज में 13 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जब युवक ने रुपए कम करने को कहा तो पटवारी तैयार नहीं हुआ। लगभग एक माह तक पटवारी के पास दौड़ने के बाद परेशान होकर प्रियांशु दुबे ने इस मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। शिकायत के बाद एसीबी ने शिकायत का सत्यापन कराया। इस दौरान पटवारी 13 हजार रुपए लेने को राजी हुआ जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की। जैसे ही पटवारी ने अपने हाथ में 13 हजार रुपए रिश्वत ली एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### चौहद्दी नक्शा काटने मांगे 8 हजार



बुधवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने सूरजपुर भू-राजस्व कार्यालय में पदस्थ अनुरेखक को 10 हजार की रिश्वत के साथ पकड़ा है। बताया जा रहा है कि प्रतापपुर अंतर्गत खैरागढ़ निवासी सौरभ सिंह आडिल ने ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम खैरागढ़ में उसके पिता के नाम पर संयुक्त खाते की पैतृक भूमि है। पैतृक भूमि का पारिवारिक बंटवारा करने के लिए भूमि के पुराने चौहद्दी नक्शा की जरुरत थी। ऐसे में सौरभ सिंह आडिल चौहद्दी नक्शा के लिए सूरजपुर भू-अभिलेख शाखा में पदस्थ अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव के पास गया हुआ था। जब उसने अनुरेखक से अपने भूमि के चौहद्दी नक्शा काटने की मांग की तो अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव ने 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। कई दिनों तक परेशान होने के बाद सौरभ सिंह ने मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में की थी। शिकायत की सत्यापन के दौरान मोलभाव करने पर अनुरेखक 8 हजार रुपए रिश्वत लेने पर राजी हुआ और 14 सौ रुपए एडवांस ले लिया लेकिन उसके बाद भी काम नहीं किया। ऐसे में बुधवार को एसीबी की टीम ने ट्रेप कार्रवाई कर अनुरेखक प्रमोद नारायण यादव को 65 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी की टीम ने आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा की समिति रामगढ़ पर्वत का अध्ययन करने पहुंचेगी आज

**अम्बिकापुर।** रामगढ़ पर्वत को लेकर प्रदेश भाजपा द्वारा गठित रामगढ़ पर्वत अध्ययन समिति गुरूवार को स्थल निरीक्षण हेतु रामगढ़ पहुंचेगी। तीन सदस्यीय समिति में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को संयोजक, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा अखिलेश सोनी को सदस्य बनाया गया है। समिति के संयोजक शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाजपा का उद्देश्य तथ्यों के आधार पर सच्चाई जनता के समक्ष लाना है। समिति रामगढ़ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामवासियों एवं समाज प्रमुखों से मिलेगी तथा रामगढ़ पर्वत की वास्तविक स्थिति का अध्ययन कर सभी संबंधित पहलुओं का परीक्षण करेगी। अध्ययन उपरांत समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश भाजपा को सौंपेगी।



### छत्तीसगढ़ ओपन परीक्षा का आवेदन 8 अक्टूबर तक

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य/अवसर परीक्षा नवम्बर 2025 के परीक्षा फार्म भरे जा रहे है। फार्म जमा करने की तिथि सामान्य शुल्क सहित 8 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक एवं विलंब शुल्क 500 रूपए सहित दिनांक 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक है। इच्छुक विद्यार्थी विद्यालयीन समय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म जमा कर सकते है।

### जिले में नेशनल लोक अदालत 13 को

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को किया जाना है। इसी कड़ी में जिला एवं सत्र न्यायालय रामानुजगंज में किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य सभी प्रकार के लंबित मामले एवं प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की आम सभा 22 से

**अम्बिकापुर।** उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या (सर्व) जिला-सरगुजा के आमसभा का आयोजन 22 से 28 सितम्बर तक किया जाएगा। इस दौरान एजेण्डानुसार वार्षिक वित्तीय पत्रक, अंकेक्षण प्रतिवेदन पर विचार, अंकेक्षण आपत्तियों का निराकरण, समिति के लिए वार्षिक बजट बनाने, समिति के विकास की कार्ययोजना, समिति के कालातीत किसानों की सूची का वाचन, कालातीत ऋणों की वसूली की कार्ययोजना बनाने एवं ऋणों पर वैधानिक-वसूली की कार्रवाई का अनुमोदन करना। कालातीत किसानों से राशि वसूली के लिए अधिनियम की धारा 84 के तहत प्रकरण तैयार करवाना। समिति को हुए घाटे के लिए उत्तरदायित्व का निर्धारण करना एवं घाटे की प्रतिपूर्ति हेतु कार्ययोजना बनाना। नियम 26 के अनुसार दो या दो से अधिक समिति के सदस्य वाले किसानों को किसी एक समिति का सदस्य बने रहने के लिए प्रारूप 'च' में घोषणा पत्र भरवाना। वर्ष में नवीन बने सदस्यों की सूची का अनुमोदन करना, समिति द्वारा किये जा रहे नवाचार से सभी सदस्यों को अवगत कराना सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## वार्ड क्रमांक 28 में होगी भगत सिंह के प्रतिमा की स्थापना

# आकाशवाणी चौक का नाम अब होगा शहीद चन्द्रशेखर आजाद चौक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- एमआईसी की बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों के दरों को दी गई स्वीकृति

बुधवार को नगर निगम के एमआईसी की बैठक महापौर कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए दरों का निर्धारण करने के साथ ही परिषद से स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं बैठक में शहर के दो प्रमुख चौकों के नामकरण की सहमति दी गई जिसमें अब वार्ड क्रमांक 28 में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाएगी जबकि शहर के आकाशवाणी चौक को चन्द्रशेखर आजाद चौक के नाम से जाना जाएगा।

बुधवार को महापौर परिषद की बैठक के दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने बताया कि शहर में महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसमें शहर के वार्ड क्रमांक 28 में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग लोगों ने की थी जिसके बाद एमआईसी में चौक की स्थापना हेतु सहमति प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आकाशवाणी चौक जिसे संत मदर टेरेसा चौक के नाम से भी जाना जाता है लेकिन अब संत मदर टेरेसा की प्रतिमा उर्सु लाइन के समीप स्थापित हो गई है इसलिए इस चौक का नाम बदलकर चंद्रशेखर आजाद चौक किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शहर में डामरीकरण, सीसी सड़क व अन्य निर्माण कार्यों के लिए 15 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है जिसके टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। टेंडर प्रक्रिया के बाद दरों को एमआईसी में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि ननि के प्रशासनिक भवन के निर्माणाधीन भवन के लिए शासन से ढाई करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। उक्त राशि से शेष बचे हुए कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ननि द्वारा मायापुर पानी टंकी में पेयजल की व्यवस्था को सुचारु रूप से जारी रखने के लिए 60 लाख रुपए की लागत से 3 नग सेंट्रीफ्यूगल पंप सेट खरीदा जाएगा। वहीं पुराना बस स्टैंड में 1 हजार किलोलीटर व नमनाकला में 750 किलो लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी टंकियों का निर्माण किया जाना है जिसके लिए शासन से राशि स्वीकृत हो गई है। उन्होंने बताया कि शासन से संपत्ति कर के दरों का निर्धारण करने का प्रस्ताव आया है जिसमें पूर्व के अनुरूप ही दर निर्धारित रहेगा और इसका सरलीकरण किया जाएगा। वहीं शहर में आवारा कुत्तों के बधियाकरण व टीकाकरण व आवारा मवेशियों को कांजी हाउस घुटरापारा में रखने पर निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही लावारिस शवों को दफन करने के लिए नवीन शव वाहन की खरीदी की जाएगी। इस दौरान लोनिवि प्रभारी मनीष सिंह, एमआईसी सदस्य जितेन्द्र सोनी, प्रियंका गुप्ता, श्रीमती श्वेता गुप्ता, विशाल गोस्वामी, ननि आयुक्त डीएन कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।



बैठक में चर्चा करती महापौर।

### चौपाटी का होगा उन्नयन

बैठक में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने बताया कि शहर में हेल्दी एवं हाइजेनिक फूट स्ट्रीट के निर्माण हेतु एनएचएम से 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से चौपाटी का उन्नयन किया जाएगा। बता दें कि एनएचएम से चौपाटी के उन्नयन हेतु 1 करोड़ रुपए की राशी वर्ष 2024 में ही जारी कर दी गई थी। इस राशि से अर्बन चौपाटी के सामने का एलिवेशन, पाथवे, सेंट्रल सिटिंग, डाइनिंग एरिया, साइन एज बोर्ड, ड्रेनेज सहित अन्य कार्यों को शामिल किया गया। वहीं एक जैसी गुमटियां, व्यवस्थित सिटिंग एरिया, केनोपी के साथ डाइनिंग व्यवस्था, साइन एज बोर्ड, विद्युतीकरण, शौचालय, पेयजल सहित अन्य सुविधाओं को विकसित किया जाना था।

# झारखंड के गढ़वा से गिरफ्तार सटोरिया सत्यम केसरी, अब आरोपों से पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- वीडियो वायरल कर आरक्षक पर लगाया था आरोप, पुलिस कर रही पूछताछ



सट्टा कारोबार के खिलाफ चल रही कार्रवाई में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक और सटोरिए सत्यम केसरी को गिरफ्तार किया है। फरार सटोरिया झारखंड के गढ़वा में छिपकर बैठा हुआ था। बड़ी बात यह है इसी सटोरिए ने पुलिस विभाग में पदस्थ एक आरक्षक पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए वीडियो वायरल किया था जिसके बाद पुलिस महकमें में भी हड़कंप मच गया था लेकिन अब आरोपी खुद अपनी बात से पलट गया है और अपने सरगना दीप सिन्हा के कहने पर वीडियो बनाने की बात स्वीकार की है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर सट्टा कारोबार चल रहा था। 13 मई 2024 को की गई छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने शहर में स्काई एक्सचेंज के नाम से क्रिकेट मैचों में सट्टा खिलाने का खुलासा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने सत्तीपारा निवासी आयुष उर्फ दीप सिन्हा, अमित मिश्रा उर्फ पहलू व शुभम केसरी को हिरासत में लिया था। पुलिस ने आरोपियों के के पास से 19 मोबाइल नग, 3 नग पासबुक, 2 नग चेकबुक, 21 नग एटीएम कार्ड एवं 20100 रुपये नगद व अन्य दस्तावेज किया था। पुलिस ने करोड़ो रुपए का सट्टा खिलने का खुलासा किया था और आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 के तहत कार्रवाई की गई जहां से उन्हें बाद में जमानत मिल गई। जमानत मिलने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। इसी कड़ी में जांच दौरान इस बात की पुष्टि भी हुई कि आरोपी भोले भाले लोगों के आधार कार्ड व दस्तावेज लेकर 60 म्यूल अकाउंट खोलकर अवैध कारोबार करने व करोड़ो के लेनदेन की पुष्टि हुई। पुलिस ने प्रकरण में अलग से भादवि की धारा 467, 468, 471, 120 (बी), 66(सी) 66(डी) आईटी. एक्ट की धारा जोड़ी। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान ऋतिक मंदिलवार उर्फ बमफोड़, नितिन यादव, अमित कुमार मिश्रा उर्फ पहलू एवं ध्रुवील पटेल, मुकेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया जा चुका है। कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, साइबर सेल प्रभारी सउनि अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, राहुल केरकेट्टा, अमनपुरी, रमेश राजवाड़े, अशोक यादव सक्रिय रहे।

### चल रही है पूछताछ

आरोपी से पूछताछ चल रही है। फिलहाल उसने दीप सिन्हा के कहने पर वीडियो बनाने और आरोप लगाने की बात स्वीकार की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है इसके साथ ही दीप सिन्हा की तलाश जारी है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

### वीडियो वायरल कर लगाया था आरोप

इसी प्रकरण में जांच के दौरान सत्यम केसरी का नाम भी सामने आया था। सत्यम केसरी वारदात के बाद फरार चल रहा था। इस दौरान उसने एक वीडियो वायरल किया जिसमें उसने पुलिस आरक्षक प्रवीण सिंह पर भी सट्टा कारोबार में लिप्त रहने और उसके कहने पर ही सट्टा खिलाने का काम करने की बात कही थी। सत्यम ने आरोप लगाया था कि प्रवीण सिंह के कहने पर वह गाढ़ा घाट स्थित मकान में सट्टा किंग अमित मिश्रा उर्फ पहलु, जिमी के के लिए काम कर रहा था और इस दौरान उसने 48 लाख रुपए का मुनाफ़ा भी दिया था। इसके साथ ही उसने पुलिस के आला अधिकारियों, दुबई तक कनेक्शन होने का आरोप भी लगाया था। इस आरोप के बाद हड़कंप मच गया। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में आरोपी की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी सत्तीपारा निवासी सत्यम केसरी आ. उदय प्रसाद केसरी को गढ़वा से गिरफ्तार किया लेकिन अब आरोपी सत्यम केसरी अपने आरोपों से पलट गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की पूछताछ में उसने कहा है कि उसने सभी आरोप सरगना आयुष उर्फ दीप सिन्हा के कहने पर लगाए थे और सट्टा कारोबार में उसकी संलिप्तता के बारे में जानकारी नहीं है। ऐसे में एक बार फिर से गुत्थी उलझती नजर आ रही है और अब दीप सिन्हा के गिरफ्तार होने पर ही इस मामले का खुलासा होने की संभावना है।

## एनएच पर सड़क हादसे में दो की मौत

**अम्बिकापुर।** एनएच 43 एवं 130 पर सड़क दुर्घटना में थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात एनएच 130 पर पैदल जा रहे ग्रामीण को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जबकि दो दिन पूर्व ही एनएच 43 पर दो बाइक आमने सामने टकरा गई। दोनों घटना में गंभीर हुए दो लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम टपरकेला खुर्द निवासी जय मंगल यादव आ. सुखु यादव (36 वर्ष) मंगलवार को किसी काम के सिलसिले में ग्राम मुड़ेसा गया था। शाम को अकेले पैदल घर आने लगा और जैसे ही एनएच 130 मेन्ड्रा चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों न जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकारी दूसरी घटना में कांसाबेल अंतर्गत ग्राम ढोढ़ापानी निवासी महावीर प्रसाद पैकरा आ. लड़ाई साय (53 वर्ष) 7 सितंबर को बाइक से बेटी गायत्री को सूरजपुर हॉस्टल पहुंचाने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार बतौली एनएच 43 बोदा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में महावीर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायय को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जल सत्याग्रह...



अम्बिकापुर। अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचकर्मियों ने बांकी नदी में जल सत्याग्रह किया।

## वित्त मंत्री श्री चौधरी ने की पत्रकारों से चर्चा, कहा-तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

# जीएसटी सुधार से आमजन, व्यापारी व किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पत्रकारों से चर्चा करते वित्तीय मंत्री ओपी चौधरी।

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करके रेट को कम करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। वित्त मंत्री श्री चौधरी बुधवार को भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, विधायक प्रबोध मिंज, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह एवं उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से ⏭ शेष पेज 4 पर

# ट्रक चालक व क्लीनर पर हमला करने वाले 5 गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** ट्रक चालक व क्लीनर से मारपीट और हत्या का प्रयास मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। बता दें कि कोरिया निवासी सुनील कुमार जायसवाल के ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 7186 के चालक सुरेंद्र सिंह व खलासी शनि सिंह एमपी के आमाडाह से कोयला लोड कर उड़ीसा जा रहे थे। इस दौरान 29 अगस्त को सिलफिली के समीप खड़ी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और फिर बचकर भागने लगे। भाग रहे ट्रक चालक व क्लीनर को लोगों ने पीछा कर पकड़ा और जमकर मारपीट की जबकि ट्रक में भी तोड़फोड़ की। इस मारपीट में दोनों गंभीर रूप से गायल हो गए। घायल चालक व क्लीनर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था इसके साथ ही मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 296, 351(3), 115(2), 324(4), 109,126(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी गणेशपुर सिलफिली निवासी 43 वर्षीय मुकेश राय आ. बिजन राय, 24 वर्षीय रोहित साह आ. परमेश चंद शाह, 27 वर्षीय शशिकांत भगत आ. स्व. राज किशोर भगत, 33 वर्षीय गोपाल विश्वास आ. अजित विश्वास, 38 वर्षीय रंजीत विश्वास आ. गोवर्धन विश्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि सुभाष ठाकुर, आरक्षक रमन मण्डल, अतुल शर्मा, राहुल सिंह सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप



### 19 को ब्लॉक मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

**राजपुर।** आंबा कार्यकर्ता-सहायिका संघ ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन को लेकर महामाया मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 सितंबर को जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संघ की मांगों को लेकर लंबे समय से शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में चेतावनी दी गई कि अगर सरकार ने समय रहते मांगें नहीं मानीं तो आने वाले नवंबर माह से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह देव, विभाग प्रमुख प्रत्युश केशरी, जिला अध्यक्ष प्रियंका मानिकपुरी, जिला महामंत्री मीरा जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष राजपुर पुष्पा भगत, कुसमी ब्लॉक अध्यक्ष सरस्वती देवी, उत्तर रवि शंकरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, तथा सभी सेक्टर अध्यक्षों ने भाग लिया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर अब आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। जब तक शासन स्तर से सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### री-केवाईसी व बीमा शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी



**लखनपुर।** नगर पंचायत सामुदायिक भवन परिसर में 9 सितंबर को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा री-केवाईसी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के संबंध में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आंचलिक प्रमुख बीआर रामाकृष्ण नायक ने खाताधारकों को संबोधित करते हुए बताया कि आरबीआई गाइडलाइन के अनुसार सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में री-केवाईसी आवश्यक है। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा व अटल पेंशन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मात्र 436 रुपए में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा से एक वर्ष के लिए 2 लाख रुपए का जीवन सुरक्षा लाभ मिलता है। उक्त कैंप में 194 लोगों का री केवाईसी किया गया, साथ ही 15 जनधन खाते खोले गए, जीवन ज्योति बीमा योजना में 42 लोगों के नामांकन किया गया सुरक्षा बीमा में 46 लोगों व अटल पेंशन योजना में 57 लोगों को लाभान्वित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, एलडीएम सरगुजा दीपेंद्र यादव, शाखा प्रबंधक आलोक बेक, एडीएम बलरामपुर और एलडीएम एमसीबी, सीएफएल के कर्मचारी और बीसी सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती आशा सिन्हा



**अम्बिकापुर।** नमनाकला मंगल पाण्डेय वार्ड निवासी श्रीमती आशा सिन्हा पति प्रशांत कुमार सिन्हा का 7 सितम्बर को निधन हो गया। वे पिछले दो सालों से कैंसर से पीड़ित थीं। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट मुक्तिधाम में किया गया। पति प्रशांत कुमार ने मुखाग्नि दी। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन व स्नेही शामिल हुए।

### संकल्प भवन में सेवा पखवाड़ा पर हुई कार्यशाला

# सेवा पखवाड़ा के जरिये समाज को और जोड़ना होगा : ज्योति नंद





सरगुजा प्रभारी ज्योतिनंद दुबे का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे ने कहा है कि सेवा पखवाड़ा के जरिए हमें समाज के बीच जाकर अधिक से अधिक अपने सेवा कार्यों का विस्तार करना होगा। इस पखवाड़े में हमें तय कार्यक्रमों के माध्यम से जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए और अधिक प्रयास करने का अभियान चलाना होगा। सूचना के माध्यम से जुड़े हमें सफल बनाना है।

**खास बात**

- सेवा पखवाड़ा हमारा संकल्प का पखवाड़ा : भारत

श्री दुबे बुधवार को भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेवा पखवाड़ा अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना होगा। यह कार्यक्रम हमें प्रदेश स्तर के बाद जिले और फिर मंडल में कार्यशाला करना है। कार्यशाला के माध्यम से हमें विविध कार्यक्रम जैसे स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अपना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं इस कार्यक्रम में हमें अपनी सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करवानी होगी। इस समय हम एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहे है जब विश्व गुरू बनने के रास्ते पर है। ऐसे पखवाड़े हमारे लिए एक संकल्प का अवसर हो सकता है। उन्होंने कहा कि आप सब पूरे पखवाड़े में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे। सेवा ही संगठन की भाव को हमें अपने जीवन में उतारना है। कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर को जिले में और 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा के सभी मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर और 2 अक्टूबर को विशेष रूप से कुछ सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित करके स्वच्छता अभियान चलाएंगे, साथ ही देश के महानगरों में जहां भूमि उपलब्ध हो सके, वहां हम नमो वन की स्थापना करेंगे और हर स्थानीय निकाय में एक नमो पार्क को विकसित करेंगे। श्री सिसोदिया ने कहा कि 17 सितंबर से 24 सितंबर तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सरकारी अधिकारियों के द्वारा सरकारी केंद्रों में तो लगाए ही जाएंगे, हम समाज के अन्य चिकित्सकों के सहयोग से अधिक से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे जिसमें नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था दी जाएगी। आगे उन्होंने बताया कि जिले में एक संगोष्ठी का आयोजन करेंगे और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पल आमंत्रित नागरिकों को संबोधित और अवगत कराएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती को हम भाजपा के हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण पुष्पांजलि जैसे कार्यक्रम के लिए हमने जिला के कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति तैयार की है। पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पूरे साल भर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता की सेवा करते है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता अपनी निर्धारित कार्यों को भी पूरा करते है और संगठन के कार्यों में भी पूरी निष्ठा से अपना योगदान देते है। यह समय भी पूरा सेवा भाव से जुटने का है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों का वृत विनोद हर्ष ने रखा। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी ने तथा आभार मधुसूदन शुक्ला ने किया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, पूर्व सांसद विजय नाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, देवनाथ सिंह पैकरा, राजकुमार बंसल, विकास पांडेय सहित जिला एवं मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने किया शक्ति प्रदर्शन

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के प्रथम आगमन पर संभाग स्तरीय बैठक सह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित सभा में जिला अध्यक्ष धनराम नागेश ने स्वागत उद्बोधन दिया व कार्यकर्ताओं को अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि सरकार बनाने में जनजाति मोर्चा की बड़ी भूमिका रही है। सरगुजा संभाग में निवासरत जनजाति समाज के लोगों को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने का काम मोर्चा ने किया है। और



आने वाले समय में भी मोर्चा भाजपा की सरकार फिर से बनाने में सक्षम है। औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री मरकाम ने कहा कि जनजाति मोर्चा आज धरातल पर मजबूत हुआ है। भाजपा ने जनजातियों को उचित सम्मान देने का काम किया है तथा जनजाति को राष्ट्रपति जैसे पद पर सुशोभित किया साथ ही उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जनजाति सीएम बनाकर उनको नेतृत्व करने का मौका प्रदान किया साथ ही उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जनजाति सीएम बनाकर उनको नेतृत्व करने का मौका प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि सरगुजा में जनता बड़ी संख्या में विधानसभा सीट भाजपा को प्रदान की है साथ ही बस्तर का भी पूर्ण सहयोग मिला है। सरगुजा में हमारे जनजाति समुदाय से विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष , जनपद अध्यक्ष यहां तक की नगर निगमों में भी हमारे जनप्रतिनिधि विराजमान है। आने वाले समय में इस बढ़त को बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती है। जनजाति मोर्चा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही समाज के उत्थान के लिए कार्य करेगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.देवेंद्र माहला, एमडी ठाकुर, महापौर मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, बलरामपुर अध्यक्ष हीरामनी निकुंज, सूरजपुर अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, फुलेश्वरी पैकरा, कुसुम सिंह, बंशीधर उरांव, अनुज एक्का, आशु पोडेटी, अंकित तिर्की, अजय श्याम, बिहारीलाल उरांव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## 24 वीं स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में जिले के युवाओं ने किया नाम रोशन, जीते 18 मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

24 वीं स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 28 अगस्त से 06 सितंबर तक माना शूटिंग रेंज रायपुर में किया गया। 50 मीटर पीप साइट राइफल मेन वर्ग में आसिफ अली ने 600 में से 567 अंक लाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। इसी वर्ग के टीम इवेंट में आसिफ अली, वकील फिरदौसी एवं मिलिंद राज सिंह ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी वर्ग के टीम इवेंट में अमज़द हसन खान, सिबान फिरदौसी, आदित्य गौतम सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल किया। 50 मीटर ओपन साइट राइफल में एवं जूनियर मेन वर्ग में अलकान फिरदौसी ने 600 में 509 अंक हासिल कर गोल्ड मेडल हासिल किया जो कि जूनियर वर्ग में अभी तक अधिकतम स्कोर है। इसी वर्ग में आयुष सिंह ने सिल्वर मेडल हासिल जीता। टीम इवेंट में अलकान फिरदौसी, आयुष सिंह और अदीब सिद्दीक़ी ने भी गोल्ड मेडल हासिल किया। 50 मीटर ओपन साइट जूनियर मेन वर्ग में 13 वर्षीय खिलाड़ी अनफ रज़ा खान ने ब्रॉन्ज़ मैडल हासिल किया, वहीं शूटर एवं कोच शकील फिरदौसी ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट में ब्रॉन्ज़ मैडल हासिल किया। 50 मीटर ओपन साइट सीनियर वर्ग में अरुण खाखा ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। आगामी होने वाले 9वीं ईस्ट जोन प्रतियोगिता एवं 34 वींजीवी मावलंकर प्रतियोगिता के अलग अलग वर्गो में सरगुजा के 8 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बहुत ही कम संसाधन होते हुए सरगुजा के खिलाडीयों ने कुल 18 मेडल प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने कहा कि प्रसाशन से सहयोग प्राप्त हो तो ज़िला, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करना चाहते है। हमारी मांग है कि प्रशाशन शूटिंग रेंज की व्यवस्था प्रदान की जाए।

## बिजनेस प्लस

### चिराग हर्बल ने बनाया लिवर स्लिम एवं इम्यूनिटी बूस्टर

**अम्बिकापुर।** चिराग हर्बल के संचालक वैद्य मो.काजिम ने लंबे शोध के उपरांत स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण दो दवाओं का निर्माण प्रारंभ किया है। लीवर स्लिम दवा फैटी लीवर , एल्कोहॉलिक लीवर, लीवर सोराय सिस, लिवर कैंसर, पीलिया एवं किडनी रोगों के उपचार में बेहद कारगर साबित हुई है। दूसरी दवा शक्ति अमृत इम्यूनिटी बूस्टर है जो व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के साथ ही बार-बार आने वाली खांसी एवं बुखार को नियंत्रित करता है। यह हृदय रोग, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने, प्लेटलेट कम होने, शरीर के किसी भी हिस्से में बने गांठ को भी तीन महीने में सामान्य कर देता है। चिराग हर्बल द्वारा निर्मित मलेरिया की दवा अमृत काढ़ा काजमी का उपयोग पूरे छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। इस दवा की तीन खुराक मलेरिया को बुखार को पूरी तरह ठीक कर देती है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202509020700054/**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-2025

अम्बिकापुर (प.ह.न.00015)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-पुष्पलता सिन्हा, अनावेदक पक्षकार-विश्वपति नारायण सिन्हा,

**ईश्तहार**

आवेदिका पुष्पलता सिन्हा पत्नी विश्वपति नारायण सिन्हा व अन्य निवासी ग्राम दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 4435/3, 4438/2, 4439/2, 4440/2. 4472/2 रकबा 0.121, 0.040, 0.047, 0.042, 0.056 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखो से स्व. विश्वपति नारायण सिन्हा का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29-09-2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202509020700053/**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्ः-2024-2025

गंगापुरखुर्द (प.ह.न.00021)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-पुष्पलता सिन्हा, अनावेदक पक्षकार-विश्वपति नारायण सिन्हा,

**ईश्तहार**

आवेदिका पुष्पलता सिन्हा पत्नी विश्वपति नारायण सिन्हा व अन्य निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 82/4, 176/4 रकबा 0.055, 0.153 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखो से स्व. विश्वपति नारायण सिन्हा का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29-09-2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-/ब-121/29/8/2025

**।। ईश्तहार ।।**

आवेदक का नाम रूप सिंह पिता आशाराम जाति गोड़ निवासी ग्राम/मोहल्ला रामनगर प.ह.नं 23 तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने. पिता रूप सिंह मृत्यु/जनम दिनांक 10/8/2022 का मृत्यु / जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 12/9/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/8/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर

## शारदीय नवरात्रि को लेकर समलेश्वरी महामाया मंदिर की नई समिति गठित

- अजय यादव अध्यक्ष व जगदीश बने कोषाध्यक्ष



**बिश्रामपुर।** शारदीय नवरात्रि को लेकर आज बुधवार को आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर में मंदिर समिति की बैठक आहूत कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, गौरतलब है कि आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर केनापारा में बुधवार को मंदिर प्रांगण में ही मंदिर समिति की बैठक आहूत की गई,बैठक में शारदीय नवरात्रि की तैयारी को लेकर लंबी चर्चा उपरांत नई समिति सर्वसम्मति से गठित की गई,यहां पर उपस्थित जन द्वारा मंदिर समिति का व्यवस्थापक राजकुमार गुप्ता को नियुक्त किया गया,अध्यक्ष पद पर अजय कुमार यादव व कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह को नियुक्त किया गया,साथ ही समिति में व्यवस्थापक रामपाल देवांगन,निर्मल साहू, लवन राजवाड़े,माखन यादव को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गई है,ज्ञात हो कि समलेश्वरी महामाया मंदिर समिति का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए निर्धारित रखा गया है,इसके पूर्व वर्ष 2022 में मंदिर समिति का चयन किया गया था,जिनका कार्यकाल पूर्ण होने पर अब नई समिति का गठन किया गया है,मंदिर में शारदीय नवरात्रि को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, जहां पूरे नौ दिनों तक मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की जाती है साथ ही विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम संपन्न कराया जाता है।

## शहडोल अंबिकापुर ट्रेन से टकराकर गंभीर रूप से आहत हुई विक्षिप्त महिला

- समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान हुई मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर- अनूपपुर रेल पथ पर मंगलवार की शाम खरसुरा ओवरब्रिज के समीप शहडोल अंबिकापुर ट्रेन की चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हुई विक्षिप्त महिला की उपचार के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मौत हो गई है, बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि ग्राम खरसुरा सरईपारा निवासी राजकुमारी राजवाड़े पिता होलसाय राजवाड़े 35 वर्ष,जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थी,मंगलवार को वह शाम चार बजे घर से बिना बताए निकल गई और शाम सात बजे के करीब रेलवे ट्रैक पहुंच गई और शहडोल अंबिकापुर ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन से महिला के टकराते ही चालक ने ट्रेन रोक दी,तत्पश्चात गंभीर रूप से आहत हुई महिला को स्थानीय ग्रामीण बिश्रामपुर शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**सरगुजा मार्केट**

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात् होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से सम्बधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनॉंक -: 14 सितम्बर 2025 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 सितंबर, 2025
को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331
9488142243, 78699 17120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अम्बिकापुर

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 7 सितम्बर 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन एम.एस, एम.सी.एच न्यूरोसर्जन
किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग विशेषज्ञ)
गैस्ट्रो - इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग
सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक विशेषज्ञ डॉ.रितेश सिंह MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS Bangalore)
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
Apollo
अम्बिकापुर में... डॉ.आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ , पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरुगांव
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक
अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ.विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर) जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर 07774222555, 8718003300, 8085886678,
गायत्री हॉस्पिटल बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281, 8120906000

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### समाज सेवा के क्षेत्र में जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे बने प्रेरणास्रोत

**रामानुजगंज।** समाज सेवा को अपना उद्देश्य बनाकर निस्वार्थ रूप से कार्य कर रहे जन चेतना कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे आज समूचे क्षेत्र में एक प्रेरणा स्रोत बन गए है। श्री दुबे वर्षों से समाज के वंचित, गरीब और जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भीषण ठंड में सड़कों पर ठिठुरते लोगों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया और हर साल जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें कंबल, स्वेटर, टोपी जैसे गरम कपड़े बांटते हैं। इसके अलावा उन बच्चों की भी मदद करते हैं जिनके पैरों में पहनने के लिए चप्पल तक नहीं होती। ऐसे बच्चों की पहचान कर चप्पल, जूते, कपड़े और पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराते हैं ताकि कोई बच्चा सिर्फ अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उनके कार्यों से प्रभावित होकर समाज के कई युवाओं ने भी जन चेतना कल्याण मंच से जुड़कर सेवा कार्यों में भाग लेना शुरू कर दिया है। श्री दुबे का मानना है कि सच्ची सेवा वही है जो निस्वार्थ हो और हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए।

### शिक्षा गुणवत्ता को लेकर हुई शिक्षा समिति की बैठक



**धौरपुर।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों के बेहतर एवं सुचारू संचालन तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर एकल शिक्षक विद्यालयों में शिक्षकों की व्यवस्था, शाला संचालन, भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया, पेंशन प्रकरण, मध्यान्ह भोजन योजना तथा अन्य संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए गए। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया गया कि स्थायी शिक्षा समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करना, शैक्षणिक गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करना तथा विद्यार्थियों के हितार्थ शासकीय योजनाओं एवं सुविधाओं का समय पर लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में श्रीमती कंचन जायसवाल, श्रीमती रीना मिंज, राजेश सोनी, श्रीमती कुसुम, मो. हलीम फिरदौसी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति हब अंतर्गत शासकीय स्कूल सिल्फीली में चला विशेष जागरूकता अभियान



**बिश्रामपुर।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र हब महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर द्वारा शासन की योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिलफिली चलाया गया,जहां पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या,बाल विवाह,घरेलु हिंसा,सखी वन स्टाप सेंटर टोल फ्री नंबर 181,1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं का सभी प्रकार के पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई,साथ ही व्यक्तिगत सुरक्षा,नशे से दूरी से संबंधित जानकारी प्रदान कर बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत कराकर सतर्क रहने की समझाइश दी गई,इस दौरान यूनिसेफ समन्वयक हितेश निर्मलकर ने भी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

### बाजार से चोरों ने पार किया युवक का बाइक

**अम्बिकापुर।** राकेश चंद राजवाड़े आ. बोल साय (35 वर्ष) मंगलवार की सुबह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 4309 से कंपनी बाजार सब्जी खरीदने गया था। युवक बाइक को बाजार परिसर में खड़ा कर खरीदारी करने लगा और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क के गड्ढों पर डाली जा रही मिट्टी, स्थानीय लोगों में आक्रोश

# एनएच 343 जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**
- 3 करोड़ की लागत से होगी सड़क मरम्मत

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क की हालत न सिर्फ काफी दयनीय हो गई है बल्कि लोगों का आवागमन करना कठिन हो गया है। हालांकि सड़क मरम्मत के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत हुई है और जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू होगी। लेकिन विभाग द्वारा जर्जर सड़क को आवागमन योग्य बनाने लापरवाही बरती जा रही है। सड़क के गड्ढों पर गिट्टी, डस्ट की जगह मिट्टी पाट खानापूर्ति की जा रही है जिससे स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है।

रामानुजगंज से बलरामपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य की प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। निर्माण कार्य से पहले सड़क को यातायात योग्य बनाए रखने के लिए शासन द्वारा करीब 3 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है जिससे आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा सके। वर्तमान में सड़क के काफी जर्जर और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से यात्री बस सहित छोटे वाहन एवं बाइक स्कूटी से आवागमन करना काफी कठिन हो गया है। ऐसे में सड़क मरम्मत से पूर्व जर्जर सड़क को यातायात योग्य बनाने गड्ढों को पाटा जा रहा है। इस मरम्मत में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। गड्ढे में गिट्टी व डस्ट भरने के बजाय सिर्फ मिट्टी का उपयोग कर पाटा जा रहा है, जो अस्थायी और अव्यवस्थित समाधान है। ऐसे में हल्की बारिश होने के बाद ही यह मिट्टी बह जाती है, जिससे सड़क की स्थिति पहले जैसी हो जाती है और गड्ढे फिर से उभर आते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



गड्ढों में भरे गए मिट्टी।

### समस्या से करा चुके है अवगत

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मुद्दे को कई बार मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने उठाया गया। परंतु मरम्मत कार्य की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हो रहा। गड्ढों को भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है जिससे लोग परेशान हैं।

### हो चुकी है कई दुर्घटना

बारिश के बाद से एनएच 343 सड़क के काफी जर्जर हो जाने से आए दिन दुर्घटनाएं होती है। कुछ दिनों के भीतर हुई दुर्घटना में कई लोग घायल हो गए है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद गड्ढे में पानी जमा हो जाने के कारण राहगीरों को पता नहीं चलता है कि कहां गड्ढा है कहां नहीं। ऐसे में सड़क को समतल समझ बाइक सवार गड्ढे में चले जाते है जिससे दुर्घटना होती है।

### गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर इस प्रकार की लापरवाही से लोगों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों की मांग है कि मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि निर्माण कार्य शुरू होने तक सड़क सुरक्षित और यातायात योग्य बनी रहे।



## नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लगाया जाएगा मैट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- खेल प्रेमियों के आग्रह पर महाप्रबंधक ने दी स्वीकृति

खेल प्रेमियों की वर्षों पुरानी मांग क्षेत्रीय महाप्रबंधक द्वारा पूरी किए जाने के आश्वासन पर क्षेत्रीय खिलाड़ियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है,गौरतलब है कि नगर के स्नेह मिलन हॉल स्थित बैडमिंटन कोर्ट में लंबे से खिलाड़ियों को मैट की समस्या से जूझने विवश होना पड़ रहा था,जहां अब जल्द ही मैट बिछाए जाने की बात कही जा रही है,खिलाड़ियों ने इस सुविधा के लिए लंबे समय से सक्रिय रहकर संघर्ष किया और अब क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने उनकी मांग को स्वीकृति प्रदान कर दी है,ज्ञात हो कि बैडमिंटन कोर्ट का फर्श काफी वर्ष पुराना होने से जर्जर अवस्था में है,खेल प्रेमी राजेश जैन ने बताया कि पुराने बैडमिंटन कोर्ट में हर अभ्यास के दौरान चोट का खतरा बना रहता है, कई बार फिसलने और गिरने से खिलाड़ियों को चोटें भी आईं हैं, इन सब के बावजूद खेल का जुनून था कि वे रोज अभ्यास के लिए पहुंचते रहे,लेकिन भीतर से सभी को इस बात की चिंता थी कि अगर समय रहते व्यवस्था नहीं हुई,तो स्थानीय स्तर की प्रतिभाएं दब जाएंगी,इस समस्या के समाधान के लिए खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक को आवेदन देकर कोर्ट में मैट लगाने की मांग की,खिलाड़ियों के परेशानी के मद्देनजर जीएम ने तत्काल इसे स्वीकृत कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,यह खबर मिलते ही खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर बनी है,खेल प्रेमियों का कहना है कि क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के प्रयासों से न सिर्फ खेल,बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा,इस निर्णय पर खिलाड़ियों ने जीएम का आभार जताया है, भेंट करने वालों में खेल प्रेमी राजेश जैन, चरणजीत सिंह, अमन अग्रवाल समेत अन्य खेल प्रेमी शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर : मेजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरण, रेट में सुधार करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं। यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में बढ़त होगी, बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। उक्त बातें भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल सिंह मेजर ने कही।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के सेस लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब भारतीय अर्थव्यवस्था लोगों के लिए राम राज्य लाने वाला साबित होगा। श्री मेजर ने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। इसका लाभ वस्त्र उद्योग को, विशेष रूप से निर्यात के लिए, होगा। हस्तशिल्प की कम दरें कारीगरों की आजीविका को समर्थन देंगी, विरासत को संरक्षित करेंगी और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी। यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिकी को मजबूती प्रदान करेगा और यह किसान के लिए कम लागत के साथ सक्षम कृषि में सहायक होगी। देश को विकसित बनाने के इस यज्ञ में विपक्ष द्वारा दोहरी राजनीति करना दुखद है। विपक्ष द्वारा यह दुष्प्रचार की इसका अमेरिकी टैरिफ से कोई सम्बंध है, निहायत ही बचकाना और झूठ है। जीएसटी में एक देश एक कर प्रणाली लाने का काम किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, राम कृपाल साहू, चंद्रमणि पैकरा, शशिकांत गर्ग, अशोक सिंह, मुकेश गर्ग, संत सिंह, दीपक गुप्ता, राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, लीलू गुप्ता, कपिल पांडेय, मनमत बछड़, रामानन्द जायसवाल, पवन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्राद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति की सरस काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



काव्यगोष्ठी में शामिल कवी।

श्रद्धपक्ष पर तुलसी साहित्य समिति ने पं.रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह, शायर-ए-शहर यादव विकास, सच्चिदानंद पाण्डेय देवेन्द्रनाथ दुबे और एसपी जायसवाल के आतिथ्य में केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की।

गोष्ठी में तुलसीकृत रामचरितमानस और एसपी जायसवाल सृजित सरगुजिहा रामायण का पाठ किया गया। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने पितरों का श्राद्ध करना चाहिए। श्राद्ध में माता-पिता की तीन पीढ़ियां शामिल होती हैं, जिन्हें जल और भोज्य पदार्थ देकर संतुष्ट करना होता है। वरिष्ठ विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि धर्मनाश होने से संपूर्ण कुल में पाप फैल जाता है और पाप के अधिक बढ़ जाने से कुल की स्त्रियां अत्यंत दूषित हो जाती है और इससे वर्णसंकर उत्पन्न होता है। यह वर्णसंकर कुल को नरक में ले जाता है। प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपने पूर्वजो का तर्पण और श्राद्ध करे। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष शायर मुकुंदलाल साहू ने वंशज पूर्वज का करें, भीतर से सम्मान, माधुरी जायसवाल ने पितरों तुमको है नमन, प्रताप पाण्डेय ने जिन्होंने दिया स्नेह और मार्गदर्शन रचना सुनाई। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर और जय गुप्त ने भी अपनी रचनाएं सुनाई। एसजी जायसवाल ने धरती कर महिमा कर करथों बखान, रामलाल विश्वकर्मा ने खुशगवार जिंदगी होते खराब देखा है, देवेन्द्रनाथ दुबे ने बने झील-से दर्द सारे आंसू बनकर झरते तारे, चंद्रभूषण मिश्र ने परदे में ऐ परदानशीं इतराना सीख, कृष्णकांत पाठक ने पूछा किसी ने मुझसे कि स्वर्ग है कहा पर , गीता दुबे ने आभार से भरा मन गणपति एवं शायर-ए-शहर यादव विकास आपका परदा उठाना हो गया, आज मौसम आशिकाना हो गया रचना सुनाई। इस दौरान मनीला गुप्ता, केके त्रिपाठी, दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव, लीला यादव, हरिशंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## प्रशासन एवं व्यापारी संघ की हुई बैठक यातायात व्यवस्था को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



नगर पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में स्थानीय प्रशासन एसडीएम व व्यापारी संघ की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ललिता भगत, पुलिस एसडीओपी अनूप एक्का, नगर पंचायत सीएमओ यूसीफ्रिया एक्का ने कहा कि नगर में ट्रैफिक सुविधा बेहाल है। जगह-जगह यातायात बाधित होता है, वाहनों को जहां मन वहां खड़ा कर दिया जाता है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। दुकानदार सड़क तक दुकानों के समान को निकाल देते हैं जिसके वजह से दिक्कत होता है। दुकानों के सामने जगह नहीं होने के कारण लोग अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर देते हैं। तेज रफ्तार वाहन, साइलेंसर बुलेट वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। व्यापारियों ने भी इस विषय में सुझाव बताया। आने वाले त्योहारों के मद्देनजर प्रशासन ने व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु यह बैठक रखी। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि नगर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा होता है जिससे पूरा मार्ग बाधित हो जाता है। नगर पंचायत द्वारा कोई पहल नहीं किए जा रहे है। प्रतापपुर मुख्य मार्ग से बड़े वाहनों का दिन में प्रवेश कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित है उसके बावजूद भी भारी वाहन मार्ग में गुजर रहे हैं जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही साफ सफाई सहित कई विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओपी ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने या वाहनों को इधर-उधर खड़ा करने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंधित क्षेत्र से ट्रक सहित भारी वाहन आने पर जब्ती कार्रवाई की जाएगी। बैठक में व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष मानती सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, कोषाध्यक्ष अरविंद जायसवाल, संरक्षक नवीन जायसवाल, सचिव विनोद जायसवाल, उपाध्यक्ष पप्पू हाशमी, हरिशंकर गर्ग, जितेंद्र कश्यप, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, आजाद कुरेशी, अंकुर जायसवाल, थाना प्रभारी अमित कौशिक,सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## रोशन लाल चुने गए सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**बलरामपुर।** जिले में सर्राफा एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। छग सर्राफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी व प्रदेश महासचिव प्रकाश गोलछा के निर्देश पर जिला प्रमुख राजेश सोनी के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक के दौरान राजेश सोनी ने सर्राफा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचन का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से सुनीता ज्वेलर्स के संचालक रोशन लाल मणि को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही बैठक में कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला सर्राफा एसोसिएशन में संरक्षक मंडल अजय सोनी, रामचंद्र सोनी, दीपक कुमार, उपाध्यक्ष रंजन सोनी, सचिव ओम प्रकाश सोनी, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, सहसचिव श्रावण सोनी, मीडिया प्रभारी विवेक सोनी, सह मीडिया प्रभारी पीयूष सोनी को घोषित किया गया। इस दौरान रतन सोनी, कौशिक सोनी, संजय सोनी, विजय सोनी, गंगा सोनी, सुभाष सोनी, देबाशीष माना, राजू सोनी सहित अन्य अन्य उपस्थित थे।

## राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदन का किया गया निराकरण

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर ओड़गी विकासखंड के ग्राम पंचायत धरसेड़ी के पंचायत भवन में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, वन एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के 40 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनका मौके पर पटवारी प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित आवेदकों को प्रदान किया गया। इसके अलावा वन अधिकार किसान किताब, श्रम विभाग से संबंधित तथा वन अधिकार पत्र के लिए एक-एक आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही ऑनलाइन त्रुटि सुधार हेतु 4 आवेदन भी प्राप्त हुए, जिन पर आवश्यकतानुसार कार्रवाई की गई। शिविर 10 से 17 सितंबर तक प्रतिदिन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में ग्रामीणों की राजस्व एवं भूमि संबंधी समस्याओं जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र आदि का निराकरण किया जा रहा है।



## रजत महोत्सव के तहत साई बाबा कॉलेज ने निकाली साक्षरता रैली

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में मंगलवार को रजत महोत्सव 2025 पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय प्रांगण से साक्षरता रैली निकाली गयी। रैली को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है और सभी को साक्षर बनाना हमारा कर्तव्य है। आपकी जिम्मेदारी है कि अपने आसपास के लोगों को साक्षर बनायें। उन्होंने सभी को साक्षरता की शपथ दिलायी। हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया जो डिगमा, गांधीनगर होते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर में पहुंची। रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर युवा गतिविधि क्लब के तत्वाधान में विकसित छत्तीसगढ़ विषय पर भाषण और सेमिनार प्रतियोगिता आयोजित हुई। सेमिनार में विकसित भारत 2047 और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लिए सुझाव और कार्ययोजना बतायी गई। प्रतियोगिता में 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्राध्यापक शैली सिन्हा, सगुफ्ता नाज, स्वाती शर्मा ने निभाई।

## नवनियुक्त अध्यक्षों का भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/उदयपुर



भाजपा मंडल रामगढ़ में नव नियुक्त अध्यक्ष छग आदिवासी एवं औषधि पादप बोर्ड विकास मरकाम एवं नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा सत्यनारायण सिंह का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर रामगढ़ एवं देवगढ़ मण्डल के सभी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस दौरान प्रबोध सिंह, अखंड विधायक सिंह, अनिल सिंह, चंद्र बसु यादव, संतोष जायसवाल, कमलेश जायसवाल, दिनेश यादव, त्रिलोचन सिंह, श्याम लाल जायसवाल, बुद्ध मोहन सिंह, सरस्वती सिंह, प्रमिला पोर्ते, मनबोध मरकाम, अर्जुन सिंह, डालेश्वर यादव, मुन्ना सिंह, कैलाश सिंह, रमेश यादव, शुभम भदोरिया, विजय यादव, दीपक सिंघल, संजय यादव, मणि दास, आकाश जायसवाल, बिट्टू सिंह, पप्पू कश्यप, प्रमोद जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुयश हॉस्पिटल रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. भुवन शर्मा
MD,DM ( Neurology )
रायपुर के मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. संजय कुमार अग्रवाल
MBBS,MD Medicine ( Delhi )
DM ( Gastro ) BHU Varanashi
दर्द एवं जोड़ो के विशेषज्ञ
डॉ. बी. मिंज
रायपुर के सुप्रसिद्ध किडनी,प्रोस्टेट,स्टोन एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.ताज मोहम्मद सिद्दकी
MS General Surgery
MCH Urology & Renal Transplant
Urology, ANDROLOGY,
Avansed Laparosdopic & Kidney Transplant Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1-5 Tesla
MRI All Diagnostic Facilities
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन , एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS,MS,DNB ( Hyderabad )
FEN ( Jabalpur ), CNETS AIIMS ( Delhi )
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार बहादुरे
MD, Internal Medicine
DM ( Nephrologist )
14 सितम्बर 2025 माह के दूसरे रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को नहीं मिला राशन दी आंदोलन की चेतावनी

**लखनपुर**। आबंटन के बाद भी राशन नहीं मिलने से परेशान हितग्राहियों ने अब आन्दोलन की चेतावनी दी है। हितग्राहियों का आरोप है कि कलेक्टर से शिकायत के बाद भी उन्हें राशन नहीं मिल पाया। विकासखंड के ग्राम पंचायत गुमगराकला के ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है। हितग्राहियों के लिए आने वाले चावल, शक्कर, चना आदि का लाभ नहीं मिल रहा है। शासकीय उचित मूल्य दुकानों से चावल शक्कर आदि की कमी सामने आ रही थी प्रतिपूर्ति किए जाने हेतु कई बार संचालक को निवेदन किया गया लेकिन पूर्व संचालक द्वारा कमी राशन की प्रतिपूर्ति नहीं किया गया जिसे वर्तमान संचालक को हितग्राहियों के लिए पर्याप्त मात्रा में चावल आवंटन नहीं होने के कारण बांटने में काफी समस्या हो रही है.उचित मूल्य दुकान में 183 क्विंटल चावल एवं 271 किलोग्राम शक्कर की कमी है। इस मामले को लेकर के पूर्व में कलेक्टर, जिला खाद्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायत की गई थी लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। अब ग्रामीणों ने फिर से एसडीएम उदयपुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मांग पूर्ण नहीं होने पर 7 दिवस के बाद आंदोलन किया जाएगा।

### सड़क किनारे मिला ग्रामीण का शव, जांच जारी

**अंबिकापुर**। लखनपुर क्षेत्र के ग्राम मांजा में ग्रामीण का शव मिला है। ग्रामीण देर शाम घर से निकला था। लखनपुर थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि ग्राम कटिंदा निवासी 65 वर्षीय प्रेमचंद आ.



शिवबालक यादव 9 सितम्बर की शाम घर से निकला था लेकिन वह वापस नहीं लौटा। बुधवार की सुबह 7 बजे क्षेत्र के ग्राम मांजा मुख्य मार्ग में पुलिया के समीप ग्रामीण का शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक आदतन शराबी था और पिछले चार दिनों से घूम घूमकर शराब पी रहा था। फिलहाल उसकी मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा।

## न्यायालय ने दोनों को भेजा जेल

# दंतैल से घर की सुरक्षा के लिए ससुर-दामाद ने रास्ते में लगाई थी करंट की बाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छह दिनों पूर्व वनपरिक्षेत्र रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम महावीरगंज में दंतैल की मौत ग्रामीणों द्वारा लगाए गए करंट की बाड़ के चपेट में आने से हुई थी। जांच उपरांत वन अधिकारियों ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

**खास बात**
- महावीरगंज बस्ती में 6 सितम्बर को हुई थी दंतैल की मौत

ग्राम महावीरगंज में 6 सितंबर की रात जंगल किनारे बस्ती में एक दंतैल मृत अवस्था में मिला था। चिकित्सकों ने दंतैल की मौत करंट से होने की पुष्टि की थी लेकिन आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी बिजली के तार नहीं मिले थे। प्राथमिक जांच के उपरांत मंगलवार को वन अधिकारियों ने संदेह के आधार पर महावीरगंज निवासी रामबरन कोड़ाकू एवं उसके दामाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने घर की सुरक्षा के लिए जंगल की दिशा में जीआई तार की बाड़ लगाकर करंट जोड़ने जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि पूर्व में हाथी उनके घर को ढहा दिया था। जंगल में दंतैल के पहुंचने की सूचना पर हाथी द्वारा घर में फिर से तोड़फोड़ मचाने का भय था। घर की सुरक्षा के लिए दोनों ने करंट की बाड़ लगाने की योजना बनाई तथा शाम ढलते ही जीआई तार बिछाकर करंट से जोड़ दिया। इस दौरान डेढ़-दो घंटे बाद ही दंतैल पहुंच गया तथा करंट के संपर्क में आते ही गिर पड़ा। करंट से हाथी की मौत होने पर दोनों घबरा गए तथा जीआई तार को हटा दिया। दोनों ने हुकिंग कर घर तक खींचे गए विद्युत तारों को भी हटाकर छिपा दिया। दूसरे दिन सूचना पर पहुंचे वन एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने घर में लगे स्वीच बल्ब देखकर विद्युत कनेक्शन के संबंध में पूछताछ की तभी से उन्हें कभी भी वन अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार करने की चिंता सता रही थी। आरोपियों की निशानदेही पर अधिकारियों ने घर में छिपाकर रखे गए जीआई तार को जब्त किया है। वन अधिकारियों ने वन्य जीव अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोनों को मंगलवार को रामानुजगंज न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### उपयंत्री को नोटिस

महावीरगंज जंगल किनारे निवासरत ग्रामीण लंबे समय से चोरी की बिजली से अपने घरों को रोशन कर रहे थे। बस्ती से लगभग 200 मीटर दूर से बिजली की लाइन गुजरी है। ग्रामीणों ने अपने घरों को रोशन करने पोल से हुकिंग कर अपने घर तक बिजली पहुंचाई थी। सभी 6 घरों में तार जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। जंगल एवं बस्ती में हाथियों की आवाजाही होने के कारण वनकर्मियों ने विद्युत विभाग के उपयंत्री को ग्रामीणों द्वारा हुकिंग कर बिजली चोरी करने की सूचना देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की थी। वन अमले द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद उपयंत्री ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया जिसके कारण दंतैल को अपनी जान गवानी पड़ी। मामले में विभाग ने उपयंत्री की लापरवाही को देखते हुए नोटिस जारी किया है। जांच में लापरवाही सामने आने पर विभाग उपयंत्री को भी आरोपी बना सकता है।

### भेजा गया है जेल

आरोपियों ने अपने घर की सुरक्षा के लिए जंगल की ओर करंट की बाड़ लगाने का जुर्म स्वीकार किया है। आरोपियों के घर से करंट लगाने के लिए उपयोग किए गए जीआई तार को जब्त किया गया है। न्यायालय ने दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है।

-अनिल सिंह पैकरा
उपवन मण्डलाधिकारी

# हाथी के हमले में मरने वालों को 25 लाख का मुआवजा राशि देने की मांग

- पूर्व मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस ने घेरा वन विभाग कार्यालय, सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन

**सीतापुर**। हाथी के हमले में मृत व्यक्ति के परिजन को 24 घंटे में 25 लाख की मुआवजा राशि देने समेत नौ सूत्रीय मांगों के समर्थन में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने वन विभाग का घेराव किया। इस दौरान पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसियों मांगों को लेकर सीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि हाथी के हमले में मृत व्यक्ति के परिवार को 25 लाख मुआवजा राशि समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में वन विभाग कार्यालय का घेराव किया गया।

कार्यालय घेराव से पूर्व वन विभाग के सामने आयोजित धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सिमटते जंगलों की वजह से अब वन्यप्राणी जंगलों से गांवों का रुख करने लगे हैं। जिसकी वजह से मानव एवं वन्यप्राणी खासकर हाथियों के बीच द्वंद बढ़ता जा रहा है। इस द्वंद से सबसे ज्यादा नुकसान मानव जीवन को हो रहा है जो हाथियों के हमले में बेवजह मारे जा रहे हैं। हाथियों के हमले में मारे जाने के बाद वन विभाग पीड़ति परिवार को मुआवजा राशि के रूप में छः लाख रुपए प्रदान करती है जो पीड़ति परिवार के जीविकोपार्जन के लिए पर्याप्त नही है। पीड़ति परिवार को मुआवजा राशि के रूप में 6 की जगह 25 लाख एवं योग्यता के आधार पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जानी चाहिए। इसके अलावा फसल नुकसान में दोगुना मुआवजा, मकान तोड़ने या क्षतिग्रस्त होने पर आंकलन के बाद क्षतिपूर्ति, जंगली हाथी प्रभावित क्षेत्रों में प्रकाश की भरपूर व्यवस्था एवं कैंप लगाकर जागरूकता अभियान चलाने, पीड़ति परिवार का समुचित व्यवस्थापन, पूर्व में संचालित कार्यक्रमों का सही क्रियान्वयन एवं जंगली हाथियों का ड्रोन से निगरानी एवं ग्रामीणों को हाथियों की जानकारी दी जाए ताकि लोग समय रहते अपना एवं अपने परिवार का जंगली हाथियों से बचाव एवं सुरक्षा कर सके। सभा को जिला पंचायत सदस्य शिवभरोष बेक समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेसियों की भीड़ घेराव करने वन विभाग कार्यालय पहुंची जहां जमकर नारेबाजी करते हुए पूर्वमंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष तिलक बेहरा, प्रदीप गुप्ता पालू, बलराम यादव, अशोक अग्रवाल, बिगन राम, बदरुद्दीन इराकी, संदीप गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।




रैली में शामिल पूर्व मंत्री व कांग्रेस कार्यकर्ता।

## आपदा प्रबंधन पर जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास 25 को

**अम्बिकापुर**। छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2025-26 के अंतर्गत देशभर में जिला स्तरीय मॉक अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के 10 जिलों के साथ-साथ सरगुजा जिले में भी 25 सितम्बर को प्रातः 10 बजे श्याम घुनघुटा डेम, दरिमा में जिला स्तरीय संयुक्त मॉक अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अन्य आपदा बचाव संबंधित दल भाग लेंगे। यह अभ्यास आपदा की स्थिति में त्वरित, समन्वित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है। इस अभ्यास हेतु अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही संबंधित विभागों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। साथ ही 23 सितम्बर को आयोजित टेबल टॉप अभ्यास बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## पेज 1 के शेष...

### जीएसटी सुधार से आमजन...

कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखने, सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि नए सुधार से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्योगों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की अनेक वस्तुएं, ट्रैक्टर व उसके कलपुर्जे व अन्य कृषि उपकरण तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा, शैक्षणिक वस्तुओं के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक व ऑटोमोबाइल उत्पादों को किफायती बनाया गया है। जीएसटी करदाता 2017 में 66.5 लाख से बढ़कर 2025 में 1.51 करोड़ हो गए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपए रहा, जो केवल चार वर्षों में दोगुना हो गया है। श्री चौधरी ने कहा कि यह सुधार किसानों के जीवन में भी आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ की आबादी देश की जनसंख्या का दो प्रतिशत से भी कम है लेकिन इस मद में हमें 41 प्रतिशत का 3.407 प्रतिशत हिस्सा मिलता है। इस वृद्धि के कारण पिछले 10-11 वर्ष में हमें एक लाख करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त मिले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एजेंडे चुनावी और राजनीतिक एजेंडे से बड़े होते हैं। वह राष्ट्र हित में बड़े-बड़े फैसले लेने की ताकत रखते हैं। इस दौरान महामंत्री देवनाथ सिंह पैकरा, जिला सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, मयंक जायसवाल, रवि जायसवाल, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री अग्रवाल के परिजन एवं कार्यकर्ताओं ने किया वस्त्र वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

मानवीय सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को साकार करते हुए कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के परिजन एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उदयपुर विकासखंड के भादवाही प्राथमिक शाला सहित क्षेत्र के अन्य विद्यालयों में वस्त्र वितरण किया।

इस अवसर पर विद्यालयों के बच्चों को नए कपड़े प्रदान किए गए। वस्त्र पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी और स्कूल का वातावरण उत्साह से भर गया। कार्यक्रम में मंत्री के परिजन ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने की प्रेरणा दी। परिजन एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर किए जाते रहेंगे। गांव के वरिष्ठ ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल और उनके परिवार के इस पहल की सराहना की तथा इसे बच्चों के लिए प्रेरणादायी बताया। इस दौरान नीरज अग्रवाल, गोल्डी अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सरपंच भगवाही ठाकुर, जनपद सदस्य विजय यादव, प्रधान पाठक शशि शर्मा, शिक्षक अनुरेखा गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




# वरिष्ठ नागरिक संघ ने ग्राम केतका में लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम केतका में मंगलवार को जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं वरिष्ठ नागरिक संघ संयोजक लालचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, मधुमेह, रक्तचाप एवं मौसमी बीमारियों की जांच एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से 70 वर्ष अधिक आयु वाले व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान की गई।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाती सिंह ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता कि आप लोग वरिष्ठ है बल्कि आप लोग युवा के समकक्ष लगते है। संघ के संयोजक लालचन्द अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सूरजपुर वरिष्ठ नागरिक संघ के द्वारा विगत 5 वर्षों से जिला अस्पताल में मरीजों के परिजन के सुबह का निःशुल्क नाश्ता वितरण, ठंड में जिले के 6 विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में कंबल, साड़ियां, बच्चों के कपड़े, साल-स्वेटर का वितरण, गर्मी में नगर के विभिन्न सार्वजनिक इलाको में शीतल पेयजल की व्यवस्था करता रहा है। संघ द्वारा वर्षा ऋतु में पौधरोपण का कार्य किया जाता है। डॉ. अनिल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ से काफी लम्बे समय से जुड़े होने की बात कही साथ ही वरिष्ठ नागरिक संघ को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ के हरिदास अग्रवाल, आरएस मिश्रा, पवन कुमार मित्तल, मोतीलाल गुप्ता, एसके तिवारी, पुखराज जैन, रमेश कुमार रोहिल्ला, अशोक कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मनोहर सोनी के अलावा डॉ. अनिल शर्मा, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. कुलदीप द्विवेदी, डॉ. लीना प्रिया केरकेट्टा, डॉ. नीरज चौबे, श्रीमती फूलमेत केराम, श्रीमती इंजोरिया सिंह, संत सिंह, बाबूलाल सिंह, धनसाय मराबी,इस अवसर पर लगभग 300 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation BALCO Medical Centre | NABH | PRAKASH HOSPITAL | Vidya DIAGNOSTIC
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएं अब अम्बिकापुर में
शुक्रवार, दिनांक : 12 सितम्बर 2025
समय : सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : प्रकाश हॉस्पिटल कोठी घर के पास, जिला अस्पताल रोड, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)
समय : दोपहर 1 से 3 बजे तक
स्थान : विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपरस्पेशलिटी सेंटर, पारस हाइट्स, गेहूंबारी, सीएमएचओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

विश्वस्तरीय कैंसर विशेषज्ञों से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. दिवाकर पाण्डेय
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MS, M.Ch (Surgical Oncology)
Tata Memorial Hospital ,Mumbai
DNB (Surgical Oncology), FACS, FSSO (USA)
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिले
- स्तन में गाँठ
- मुँह में अल्सर या गले में गाँठ
- मल या मूत्रविसर्जन की आदतों में परिवर्तन
- कान व वजन में अनापेक्षित बदलाव
- लगातार खांसी या सांस लेने में तकलीफ
- निगलने में कठिनाई या आवाज में बदलाव
- रजोनिवृत्ति के बाद रक्त जाना या असामान्य मासिक धर्म होना
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9301923453
8282823333/4444 नया रायपुर, छ. ग.
ATUL